भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1621**
उत्तर दिनांक 30/07/2025 को दिया गया

**काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र में नई तकनीक**

1621. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार ने गुजरात स्थित काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र में नई तकनीक विकसित की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त तकनीक से गुजरात में विद्‌युत आपूर्ति में सुधार हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या दाहोद जैसे दूरस्थ जिलों को इस ऊर्जा से लाभ प्राप्त हो रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) काकरापार गुजरात स्थल ऐसा पहला स्थल बन गया है जहां 700 मेगावाट क्षमता वाले स्वदेशी दाबित भारी पानी रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) की प्रथम-प्रकार की इकाइयां स्थापित की गई हैं। ये 700 मेगावाट दाबित भारी पानी रिएक्टर (केएपीएस 3 व 4) उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित हैं और विश्व के सबसे सुरक्षित रिएक्टरों में से हैं।

(ख) व (ग) विद्‌युत मंत्रालय (MoP) ने केएपीएस 3 व 4 (2X700 मेगावाट) से लगभग 34% विद्‌युत गुजरात राज्य को आवंटित की है, इस प्रकार, इससे राज्य की विद्‌युत आवश्यकताओं में वृद्धि हुई है।

*****